Title: Need to construct the Ring Railway in Jaipur.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : सभापति महोदय, मेरा एक छोटा सा निवेदन है। जयपुर शहर में यातायात की व्यवस्था दिनोंदिन बिगड़ रही है। यातायात की व्यवस्था को ठीक करने के लिए सरकार ने जयपुर में रिंग रेल की एक योजना बनाई थी। इसका नक्शा आदि बनाने पर लाखों-करोड़ों रुपए खर्च हो गए। इसका लाइन ऑफ एलाटमैंट क्या होगा यह तय होना चाहिए। यदि यह रिंग रेल नहीं बनी तो जहां से यह लाइन जाने वाली है, उस पर लोग कब्जा कर लेंगे और वह बन नहीं सकेगी।...(व्यवधान)

सभापति महोदय : जयपुर में रिंग रेल तुरन्त पूरी हो आप यही करना चाहते हैं न?

श्री गिरधारी लाल भार्गव: मेरा निवेदन है कि रिंग रेल बननी चाहिए।

सभापति महोदय: माननीय सदस्य मजबूती से मांग कर रहे हैं।